हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–70 : जौनपुर, शनिवार 30 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सोनभद्र की धरती जल्द उगलेगी सोना : तीन खदानों का होगा ग्लोबल टेंडर

लखनऊ ब्यूरो : सोनभद्र की धरती जल्द ही सोना उगलेगी, सोनभद्र की भूमि में सोने के भंडार मिलने की पुष्टि होने के बाद अब भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने तीन खदानों का ग्लोबल टेंडर करने की तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जरिये आगामी दिनों में इसकी शुरुआत कराई जाएगी। सोनभद्र में शक्ति नगर एंपरा के पास दियागंज, सोना पहाड़ी और कोटा के पास हरदी में सोने के भंडार होने का पता लगा था। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने इसकी जांच कराई तो धरती में सोना उपलब्ध होने के प्रमाण मिले। विभाग ने अब सोने की खदानों से सोना निकालने के लिए तीन खनन क्षेत्र तय किए है। इन तीनों खनन क्षेत्रों का पट्टा अब ग्लोबल ई–टेंडर के जरिये जारी किया जाएगा। इससे ना केवल सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि सोनभद्र में व्यापार और रोजगार बढ़ेगा। पोटाश व रॉक फॉस्फेट की खदानों का भी होगा टेंडर सोनभद्र के कुरछा और बरवाडीह में पोटाश की भी खदानों का ग्लोबल टेंडर किया जा रहा है। ललितपुर की मडावरा तहसील में टोरी और पिसरानी में रॉक फॉस्फेट की तीन खदानों का ग्लोबल टेंडर किया जा रहा है। सोन पहाड़ी में 2943.25 टन सोने के भंडार की हो चुकी पुष्टि वर्ष 2020 में सोनभद्र के कोन थाना क्षेत्र के हरदी गांव में व दुध्धी तहसील के महुली गांव के सोन पहाड़ी में सोने का एक बड़ा भंडार मिलने की पुष्टि हो चुकी है। हरदी क्षेत्र में 646.15 किलोग्राम सोने का भंडार है वहीं सोन पहाड़ी में 2943.25 टन सोने का भंडार है। कुल 17 खदानें की चिह्नित सूत्रों के मुताबिक विभाग ने सोना, पोटाश और रॉक फास्फेट की कुल 17 खदानें चिह्नित की है। पहले चरण में करीब आठ खदानों के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किया जा रहा है।

## सेंट जेवियर्स के प्रबंधक से वसूली जाएगी क्षति पूर्ति – एसडीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के भलुआही गांव में स्थित सेंट जेवियर्स सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक थामस जोसेफ से अब क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी! यह जानकारी एसडीएम लालबहादुर ने दी है! उन्होंने बताया कि प्रबन्धक जोसेफ ने जितने दिन से नवीन परती की भूमि पर अवैध निर्माण के बाद जो लाभ लिया है उनसे उस सम्पत्ति से लाभ की क्षतिपूर्ति की वसूली की जाएगी! इस सम्बन्ध में राजस्व कर्मियों से क्षतिपूर्ति की पत्रावली तैयार करायी जा रही है! उनके द्वारा सरकारी जमीन पर किया गया कब्जा भी हटाए जाने के लिए बुल्डोजर की साफ सफाई की जा रही है! एसडीएम ने बताया कि राजस्व कर्मियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को रोका जा रहा था किन्तु उन्होंने जबरन सरकारी जमीन पर निर्माण कराया है! इधर क्षेत्रीय लोग भी सरकारी जमीन पर किए गये कब्जे को हटवाने के लिए अब आगे आ रहे हैं! समाज सेवी अनिल सिंह शक्ति, महिला समाज सेवी कान्ती मिश्रा, रामकृष्ण सिंह, महेन्द्र सेठ, बबलू पाण्डेय आदि लोगों ने प्रशासन से मांग किया है कि बहुत जल्द सरकारी जमीन पर से कब्जा हटवाया जाय! गौरतलब है कि एसडीएम लालबहादुर के निर्देशन पर क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश यादव ने भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत सेन्ट जेवीयर्स के प्रबन्धक पर केस भी दर्ज कराया है! आरोप है कि प्रबन्धक जोसेफ ने भलुआही गाँव में आराजी नम्बर 838 मिल जुमला रकवा 38 डिसमिल जो नवीन पर्ती की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर बिल्डिंग खड़ी कर लिया है! बिल्डिंग खड़ी करने के दौरान चकबंदी लेखपाल सहित प्रशासन ने उस भूमि पर निर्माण न करने की हिदायत भी प्रबन्धक जोसेफ को दिया था! किन्तु उन्होंने करोड़ों रुपये की बेशकीमती नवीन परती की जमीन पर अपनी हेकड़ी से निर्माण कर लिया है!

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर सवायजपुर तहसील सभागार में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बैठक का हुआ आयोजन

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : सवायजपुर तहसील सभागार में गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट हरदोई ने की। शनिवार को सवायजपुर तहसील सभागार में जिले से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय किसानों को बुलाया गया था। आए हुए किसानों से आपत्तियां मांगी गईं। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों सहित सवायजपुर एसडीएम राकेश सिंह, शाहाबाद एसडीएम सौरभ दुबे व बिलग्राम के एसडीएम, जिला वन अधिकारी, यूपीडा के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आए हुए किसानों से आपत्तियां मांगी गईं पर किसी भी किसान अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। जिले से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे के क्रियान्वयन में अब और गति आएगी। सवायजपुर एसडीएम राकेश सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे सवायजपुर तहसील क्षेत्र के गांव से होकर गुजरेगा और जिले की बिलग्राम तहसील क्षेत्र के भी कई गांवों से होकर गुजरेगा जिसको लेकर किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। शनिवार को उपरोक्त बैठक में आपत्तियां मांगी गई थी लेकिन किसी भी किसान या अन्य व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। इसके बाद अब गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के क्रियान्वयन में गति आएगी। इस मौके पर क्षेत्रीय किसानों की अगुवाई पछोहा के भाजपा नेता श्याम सिंह लुधियापुर ने की।

## टाइम ऐरा फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। टाइम ऐरा फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और स्वरोजगार योजना को बढ़ावा देकर गांव के युवाओं को गावों में ही रोजगार उपलब्ध कराने की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि टाइम ऐरा फाउंडेशन ने एक ऐसा कार्यक्रम बनाया है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक गांव में एक ऐसा व्यवसाय वहां की भौगोलिक स्थिति के अनुसार जिसकी वहां उपयोगिता है दिया जाएगा जिसमें शिक्षित बेरोजगारों को उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो सकता है और श्रमिको को भी शहर की तरफ दौड़ना नही पड़ेगा। शहरों में भी बढ़ती पॉपुलेशन से राहत मिलेगी। यह वर्तमान समय की आवश्यकता है। वर्तमान सरकार द्वारा गावों में विकास की गंगा बहाई जा रही है। गावों के नागरिकों को प्रशिक्षित कर मुख्य धारा में शामिल किया जाना है।



## गोकुल ग्राम कल्याण समिति ने हर शनिवार को सुंदरकांड पाठ करने का लिया संकल्प

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा में श्रीहनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ किया गया। आचार्य धीरज शास्त्री ने पूजन अर्चन के पश्चात सुंदरकांड पाठ शुभारंभ कराया। गोकुल



ग्राम कल्याण समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष आचार्य धीरज शास्त्री, सचिव राजेश प्रजापति, खंड सचिव हेमंत मिश्रा, प्रवक्ता उदय प्रकाश मौर्य, प्रदीप द्विवेदी,प्रचार मंत्री अमित बाजपेई, हर विलास तिवारी, प्रत्यूष पांडे, साधना बाजपेई, उर्मिला प्रजापति, श्रीमती सावित्री बाजपेई, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, आयुष बाजपेई , अभिषेक बाजपेई, मिष्ठी बाजपेई, सुधांशु मिश्रा उपस्थित रहे।

## खेलो इण्डिया सेण्टर जौनपुर का संचालन होगा शुरू

जौनपुर सू.वि. : भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ''एक जिला एक खेल योजना'' खेलो इण्डिया सेन्टर योजना के अन्तर्गत जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में एथलेटिक्स खेल का निर्धारण किया गया है। उक्त के कम में खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश के कम खेलो इण्डिया सेन्टर संचालित किये जाने हेतु मानदेय के आधार पर एथलेटिक्स खेल से सम्बन्धित प्रशिक्षक को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु चयनित किया जाना है। चयनित प्रशिक्षक को अधिकतम रू० 25000 प्रतिमाह देय होगा। मानदेय के आधार पर एथलेटिक्स खेल से सम्बन्धित उन्हीं प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा, जो राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पूर्व में खिलाड़ी हो तथा विगत में चैम्पियन रहे खिलाड़ी को वरीयता दी जायेगी। यहां राष्ट्रीय स्तर से तात्पर्य प्रदेश की टीम की ओर से राष्ट्रीय सीनियर चौम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से है। आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा भारतीय नागरिक कहीं का भी हो, आवेदन कर सकता है। अतः इच्छुक एवं योग्य खिलाड़ियों को अवगत किया जाता है कि एथलेटिक्स खेल के खेलो इण्डिया सेन्टर के प्रशिक्षक के रूप में अपना आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय, जौनपुर (इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर) में 01 मई 2022 से 18 मई 2022 की सांय 5.00 बजे तक जमा कर दें। अंतिम तिथि 18 मई 2022 के उपरान्त किसी भी दशा में कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। खिलाड़ी को अपने शैक्षिक योग्यता, खेल योग्यता सम्बन्धी स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, जौनपुर में सम्पर्क करे।

## दो महाविद्यालयों की परीक्षा में अचानक पहुंचीं कुलपति : परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध महाविद्यालयों की स्नातकोत्तर हिंदी, मनोविज्ञान की परीक्षाओं का शनिवार को कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने औचक निरीक्षण किया। जौनपुर के महाविद्यालयों में सुबह की पाली में वह अचानक पहुंचीं। शनिवार की सुबह की प्रथम पाली में स्नातकोत्तर हिंदी, मनोविज्ञान, की परीक्षा थी। सबसे पहले वह अब्दुल अजीज अंसारी मजडीहा शाहगंज, फरीदुलहक मेमोरियल महाविद्यालय शाहगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग को भी देखा। कोविड–19 के नियमों के अनुपालन के संबंध में भी प्राचार्य और केंद्र व्यवस्थापक से पूछताछ की । कुलपति प्रोफेसर मौर्य ने सभी महाविद्यालयों को बढ़ती गर्मी को देखते हुए पीने



के पानी की व्यवस्था करने का कड़ा निर्देश दिया। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ परीक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने कहा कि हर हाल में परीक्षा के दौरान कोविड–19 सुरक्षा निर्देशों का पालन होना चाहिए। उनके साथ उनके निजी सहायक डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य भी थे।

## थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशानिर्देशन में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस के द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर पाण्डेयपुर प्रयागराज वार्डर के पास से दिनांक–29.04.2022 को रात्रि में तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया एवं एक अभियुक्त भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से कुल एक कुन्टल 25 किलो नजायज गाजा, एक वाहन स्कार्पियों,तीन मोबाईल एवं नकद 1830/ रुपये बरामद किया गया ।उक्त अभियुक्तगणों द्वारा बरामद नजायज गाजा को जगदलपुर बस्तर झारखण्ड से लाया जाना बताया गया । बरामद नजायज गाजा एवं स्कार्पियों आदि माल की बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपया आकी गयी हैं । गिरफ्तार अभियुक्तगणों को मय बरामद माल के थाना हाजा लाकर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । फरार अभियुक्त की तलाश जारी हैं । गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1.प्रमोद साहू पुत्र इंदुराम साहू निवासी गोविंदपुर तेलियरगंज थाना शिवकुटी प्रयागराज उम्र करीब 27 वर्ष । 2.अरविंद सरोज पुत्र गंगाराम सरोज निवासी गौराखुर्द थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष 3.राधेश्याम यादव पुत्र देव शरण यादव निवासी ग्राम कलिंजरा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 46 वर्ष ।पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 109/2022



धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 110/2022 धारा 41/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । बरामदगी– 1.कुल एक कुन्टल 25 किलो नजायज गाजा (कीमत करीब 40 लाख रुपया) 2.एक वाहन स्कार्पियों क्स02थ्म्च0041 3.तीन मोबाईल 4. नकद 1830/ रुपये बरामद । बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।2. उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।3. चा0हे0का0 मनोज कुमार चौबे थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।4.हे0का0 विनोद कुमार सिंह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।5.का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यु यादव, का0 पंकज यादव, का0 रवि प्रकाश यादव, का0 अभिषेक पाठक थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

## प्लाई पत्ता से लदी ट्रक पलटी बाल– बाल बचा ट्रक ड्राइवर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की देर रात्रि में सई नदी पुल के पास प्लाई पत्ते से लदी एक ट्रक सामने से आ रही एक वाहन को बचाने चक्कर में असंतुलित होकर पलट गई जिसमें चालक बाल–बाल बच गया। प्लाई पत्ते से लदी ट्रक माल लादकर लखनऊ से कोलकाता के लिए जा रहे थे जैसे ही वह इंजरी गांव के पास लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सई नदी पुल के पास पहुंची थी कि ठीक सामने से वाराणसी की तरफ से जौनपुर के लिए जा रही एक बराती वाहन को बचाने चक्कर में ट्रक वाहन चालक अपनी गाड़ी ट्रक असंतुलित होकर पुल के पास पलट गई जिसके बाद ट्रक चालक ने इसकी सूचना स्थानीय थाने पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है वही ट्रक चालक नरेश यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी ग्राम जिला चित्र झारखंड चालक ने घटना की सारी सूचना कंपनी के मालिक और ट्रक मालिक को सूचना दे दी।

## माता पिता की सेवा इस धरा पर जो कर लेता है उसका ही मानव जीवन सफल होता है: डॉ अरुण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम,अल्लीपुर,हरदोई में सामग्री वितरण समारोह आयोजित किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि यह हम सब के लिए सौभाग्य का विषय है कि एक साथ इतने सारे बुजुर्गों आशीर्वाद हम सब को प्राप्त हो रहा है। माता पिता की सेवा इस धरा पर जो कर लेता है उसका ही मानव जीवन सफल होता है । यह कार्य इस संस्थान द्वारा मनोयोग से किया जा रहा है ।इसके लिए इस संस्थान के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं । कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.बलराम सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर महाराणा प्रताप राजकीय



स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने कहा कि वृद्धाश्रम में आकर सबको एक परिवार की भावना से रहते, कार्य करते ,आपस में हंसी उल्लास के साथ देखकर मन प्रसन्न है । ईश्वर से प्रार्थना है कि संस्थान उत्तरोत्तर ऐसे ही बढ़ता रहे। इस अवसर पर डॉ राममनोहर लोहिया महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के डॉ शशिकांत पांडे, डॉ विवेक बाजपेई, डॉ रश्मि द्विवेदी आश्रम प्रबंधक पारुल गुप्ता, सीता शर्मा , पूजा , नैतिक, निर्भय आदि समस्त आश्रम कार्यकर्ता तथा 120 बुजुर्ग मौजूद रहे।

## कम्प्रेशर खराब होने से बन्द पड़ा आक्सीजन प्लांट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार को जनपद से स्वास्थ्य विभाग की टीम नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची ।निरीक्षण के दौरान आक्सीजन प्लांट क्रियाशील नही मिला ।अधीक्षक ने कम्प्रेशर खराब होने की जानकारी दी। जनपद से शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मछलीशहर सी एच् सी का निरीक्षण किया ।सुबह आठ बजे पहुचे टीम के सदस्यों ने उपस्थित पंजिका देखा ।इसके बाद ओ पी डी में बैठे डॉक्टर के बारे मे जानकारी ली ।पैथोलॉजी विभाग में पहुचकर रजिस्टर में दर्ज विभिन्न रोगों के मरीजों की जांच की स्थिति के बारे में जानकारी ली ।डॉट्स केंद्र में जाकर दवाओं के वितरण और उपलब्धता के बारे मे पूछताछ की ।इसके बाद आक्सीजन प्लांट के पास पहुंचे तो अधीक्षक डॉ0 विशाल यादव ने प्लान्ट का कम्प्रेशर खराव होने के कारण मशीन नही चलने की बात बताई ।इस पर जांच अधिकारी ने तत्काल सी डी ओ और सी एम ओ को जानकारी देकर प्लांट चालू करने का निर्देश दिया है। लगभग दो घन्टे तक जांच पड़ताल करने के बाद टीम के सदस्य आगे रवाना हुए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आईपीओ की बात : एलआईसी के शेयर का गणित

भारत सरकार के पूर्ण नियंत्रण में एलआईसी के कामकाज पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। मसलन, एलआईसी की कई योजनाएं सरकार की सामाजिक प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में मौजूद हैं। इसी तरह, एक तथ्य यह है कि एलआईसी ने विभिन्न कारणों से सरकार के आग्रह के तहत कई कंपनियों में निवेश किया है। एलआईसी इरडा और सेबी की निगरानी के दायरे से बाहर रहा है।

जानी–मानी जीवन बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के साथ शेयर बाजार में उतर रही है। आईपीओ चार मई को खुलेगा और नौ मई तक शेयर खरीदने के लिए आवेदन किया जा सकता है। सरकार एलआईसी की जिस 3.5 फीसदी हिस्सेदारी को बेच रही है, उससे आईपीओ का आकार 21,000 करोड़ रुपये का होता है, जो भारतीय बाजारों में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। लोगों में, विशेष रूप से पॉलिसीधारकों के बीच निर्धारित कोटे और छूट को लेकर उत्साह है, जिससे आईपीओ उन्हें आकर्षित कर रहा है।

यहां तक कि उन कर्मचारियों और खुदरा निवेशकों के लिए भी एक कोटा है, जो आईपीओ का हिस्सा बनना चाहते हैं। आईपीओ के जरिये सरकार 22.13 करोड़ शेयर बेचेगी और निवेशक पंद्रह शेयरों के सेट में बोली लगा सकते हैं। प्रत्येक शेयर की कीमत 902–949 रुपये के बैंड में है, जिसमें पॉलिसीधारकों के लिए 60 रुपये और खुदरा निवेशकों व कर्मचारियों के लिए 45 रुपये की छूट है। एक खुदरा निवेशक के रूप में कोई भी व्यक्ति आईपीओ में दो लाख रुपये तक का निवेश कर सकता है और अधिकांश आम निवेशक खुदरा कोटा, पॉलिसीधारक कोटा और कर्मचारी कोटा के तहत आवेदन कर सकते हैं, यदि वे किसी तरह से एलआईसी से जुड़े हैं।

प्रभावी रूप से एक छोटा निवेशक यदि वह कर्मचारी, पॉलिसीधारक और खुदरा निवेशक है, तो अधिकतम छह लाख रुपये तक निवेश कर सकता है। अधिकांश सरकारी स्वामित्व वाले व्यवसायों की तरह एलआईसी का आईपीओ वास्तव में सरकार का विनिवेश है, न कि अन्य कंपनियों की तरह का आईपीओ, जो सार्वजनिक होते हैं। सरकार ने कई कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी पूरी तरह से बेचकर विनिवेश किया है, जैसा कि सरकार ने टाटा के हाथों वीएसएनएल को बेच दिया था। एनटीपीसी, कोल इंडिया, जनरल इंश्योरेंस कंपनी और कई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मामले में विनिवेश आंशिक हिस्सेदारी बेचकर किया गया।

सरकार इन कंपनियों में से कुछ में अपनी हिस्सेदारी को आंशिक या पूर्णतः बेचकर धन पैदा करके अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करना चाह रही है। एलआईसी के मामले में भी हिस्सेदारी बेचने से सरकार को लाभ होगा, साथ ही अन्य सूचीबद्ध कंपनी की तरह कंपनी को परिवर्तित करने के लिए एक रोडमैप बनेगा, जिसे बाद में बाजार नियामक द्वारा विनियमित किया जाना है और सूचीबद्ध कंपनियों पर लागू नियमों का पालन करना है। बीमा क्षेत्र में एलआईसी का एकाधिकार है, जो इस क्षेत्र में निजी खिलाड़ियों के प्रवेश के 22 वर्षों के बाद भी 60 फीसदी हिस्सेदारी पर अपना कब्जा बनाए हुए है।

एलआईसी लगभग 40 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का प्रबंधन करता है और यह विश्व का पांचवां सबसे बड़ा जीवन बीमाकर्ता और भारत का सबसे बड़ा संपत्ति प्रबंधक है। पिछले कुछ वर्षों में जब से एलआईसी के आईपीओ की योजना बनाई गई है, इसका मूल्यांकन 16 लाख करोड़ रुपये से घटकर अब छह लाख करोड़ रुपये हो गया है। मूल्यांकन में इस तरह का उतार–चढ़ाव अप्रत्याशित है और यह अंतर एलआईसी के मूल्य निर्धारण के अस्पष्ट तरीके के कारण है। दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में एलआईसी के स्वामित्व वाली कुछ विरासती और ऐतिहासिक इमारतों की कल्पना करें।

वे बहुमूल्य संपत्तियां हैं, लेकिन जब तक सरकार उस जमीन को नहीं बेचती, जिस पर ये इमारतें खड़ी हैं, तब तक कोई खरीदार नहीं मिल सकता है। एलआईसी की संपत्ति के सही मूल्य निर्धारण में भी यही बात लागू होती है, खासकर जब पॉलिसीधारक की मृत्यु या परिपक्वता वाले दावों, जिनका दावा नहीं किया गया है, को जोड़ा जाए। इसके अलावा, हर पॉलिसी के साथ आने वाली सॉवरेन गारंटी को एक निश्चित मूल्य से नहीं जोड़ा जा सकता है। ये सभी ऐसे पहलू हैं, जो निगम के मूल्य निर्धारण में मायने रखते हैं, लेकिन इनका मौद्रिक मूल्य क्या होगा, यह एक बड़ा सवाल है।

भारत सरकार के पूर्ण नियंत्रण में एलआईसी के कामकाज पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। मसलन, एलआईसी की कई योजनाएं सरकार की सामाजिक प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में मौजूद हैं। इसी तरह, एक तथ्य यह है कि एलआईसी ने विभिन्न कारणों से सरकार के आग्रह के तहत कई कंपनियों में निवेश किया है। एलआईसी इरडा और सेबी की निगरानी के दायरे से बाहर रहा है। इस तरह से यह इतनी बड़ी है कि विफल हो सकती है और इस पर कई नियम लागू होने हैं। जिस तरह से किसी चीज की 'सेल' लगी होने पर आप उन चीजों को नहीं खरीदते हैं, जिनकी आपको जरूरत नहीं होती, उसी तरह एलआईसी का आईपीओ है।

इसके शेयर अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर की तरह होंगे, और यह बाजार की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करेगा। इसकी कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं होगा। अगर अतीत में सरकार द्वारा विनिवेशित अन्य कंपनियों के सूचीबद्ध होने के बाद के प्रदर्शन को देखें, तो उसके मिश्रित परिणाम सामने आते हैं। कोल इंडिया 2010 में 1,51,999 करोड़ रुपये के आईपीओ के साथ बाजार में उतरी थी, जो तब सबसे बड़े आईपीओ में से एक था। यह इश्यू बाजार में प्रीमियम पर खुला, लेकिन 12 साल बाद यह अपने आईपीओ मूल्य से काफी नीचे है।

जनरल इंश्योरेंस कंपनी का भी हाल इससे अलग नहीं है। अक्तूबर, 2017 में 11,176 करोड़ रुपये का आईपीओ अपनी निर्धारित कीमत से नीचे खुला और ज्यादातर नीचे ही रहा है। लेकिन सभी आईपीओ खराब प्रदर्शन नहीं करते। एसबीआई कार्ड और भुगतान सेवा कंपनी मार्च, 2022 में सार्वजनिक हुईं और छूट पर सूचीबद्ध हुईं, लेकिन आज यह अपने आईपीओ मूल्य से काफी ऊपर है। निवेशकों, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों को यह जानना चाहिए कि एक बार सूचीबद्ध आईपीओ मूल्य एक संदर्भ है और गारंटी नहीं है।

सूचीबद्ध कीमतों में हर दिन उतार–चढ़ाव हो सकता है। अगर वे मूल्य में ऐसे उतार–चढ़ाव का जोखिम उठा सकते हैं, तो एलआईसी या किसी अन्य आईपीओ में निवेश कर सकते हैं। अगर वे कीमतों में उतार–चढ़ाव का जोखिम नहीं लेना चाहते, तो कोई भी आईपीओ उनके लिए नहीं है। एलआईसी के आईपीओ में तभी निवेश करें, जब आप तीन से पांच साल या उससे अधिक समय तक पैसा फंसा सकें। यदि आप आईपीओ को त्वरित पैसा बनाने का एक विकल्प मान रहे हैं, तो आप गलत हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## विवेक और शक्ति के समन्वय से किया गया कर्म – 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' का कारण होता हैः आचार्य अरविंद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। आचार्य अरविंद जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव पर आयोजित ठाकुरगंज में श्री मद्भागवत् कथा ज्ञान–यज्ञ के चतुर्थ दिवस 'प्रहलाद चरित्र' का निरूपण किया। आचार्य अरविंद जी महाराज ने कहा कि हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से भक्त प्रहलाद एवं समस्त पृथ्वी लोक को बचाने के लिए भगवान ने नृसिंह अवतार धारण किया। उनका शरीर आधा मनुष्य तथा आधा सिंह का था, इसका तात्पर्य है कि कोई भी कार्य विवेक तथा पुरूषार्थ से ही संभव है। विवेक और शक्ति के समन्वय से किया गया कर्म – 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' का कारण होता है। तत्पश्चात् भगवान के एक अन्य अवतार की चर्चा करते हुए – आचार्य अरविंद ने कहा कि राजा बलि त्रैलोक्य विजयी हैं, इसका उनको अभिमान है। पर भगवान का अपने भक्त में भी लेशमात्र 'अभिमान' स्वीकार्य नहीं और पुण्य कर्म में अभिमान का होना, उस पुण्य कार्य को दूषित करता है। इसलिए भगवान ने 'बावन' अंगुल का अवतार लेकर राजा बलि के अभिमान को चूर कर दिया। इसका तात्पर्य यह है कि यदि पुण्य कार्य का परिणाम – अभिमान है तो परमात्मा अति लघु रूप धारण कर पल भर में ही दर्प का विनाश कर देते हैं। भगवान राम के पृथ्वी लोक आगमन की चर्चा करते हुए आचार्य अरविंद ने बताया कि राष्ट्रीय एकीकरण एवं आदर्शों की पुर्नस्थापना के लिए भगवान स्वयं पृथ्वी पर आते हैं तथा मानव को त्याग, शील, क्षमा, ऐश्वर्य, सुख–दुख में एक समान आचरण की सीख देते हैं। भगवान परशुराम का अवतरण–दानवीयता का समग्र उन्मूलन हेतु होता है। यह शाश्वत् अवतार हैं। शास्त्र और शस्त्र, क्रोध एवं बोधा का समन्वय ही भगवान परशुराम जी हैं। वे त्याग एवं सुख–दुख में समभाव रखने वाले हैं। शिक्षा मिलती है, यदि न्याय सत्य, एवं धर्म के मार्ग को प्रशस्त करना है तो बिना भेदभाव, चाहे अपना हो या पराया



दोनों को समान रूप से दण्डित करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। सवन्ति में सम्पूर्ण 16 कलाओं के अवतार भगवान श्रीकृष्ण का अवतार – भगवान विष्णु के समस्त अवतारों से परे माना जाता है। कृष्ण का चरित्र हमें शिक्षा देता है कि 'रचनात्मक शक्ति के द्वारा ही विध्वंसात्मक तथा सृजन के द्वारा उत्पीड़न जैसी आसुरी शक्तियों का विनाश सम्भव है।भगवान के अवतारों को सुनने के लिए आज बड़ी संख्या में पुरूषों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। महाराज जी ने उपस्थित जन समुदाय से कोविड नियमों को मानने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 'कर्म ही प्रधान' है। अतः उसमें आलस या प्रमाद नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर लालजी प्रसाद पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, दीपू शुक्ला, सुनीता पाण्डेय, अंशू मिश्रा, शक्ति बाजपेयी, कमलेश मिश्रा, सुमित दीक्षित, कृष्णा शर्मा, महेन्द्र द्विवेदी, अम्बरीश वर्मा, संतोष शुक्ला, मृदुल पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, सतेन्द्र अवस्थी, अभिरूचि बाजपेयी, पूनम तिवारी, गोपाल नारायण शुक्ला, बाल किशोर तिवारी, सतीश कुमार दीक्षित, संतोष कुमार द्विवेदी, शेष कुमार मिश्रा, मूलचन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र अवस्थी, सनी साहू, राहुल पाण्डेय, टिंकू ठाकुर, अजीत पाण्डेय, पूनम सिंह, आनन्द मिश्रा, पंकज शुक्ला, शर्मिला पाण्डेय, संजय शुक्ला, वन्दना विशेष, पी0एस0 तिवारी, अवध प्रकाश शुक्ला, अभय तिवारी, पुलकित शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, विशाल सोनकर, रजत तिवारी, अंकित गुप्ता, मंजरी शुक्ला, (एडवोकेट अनुराग पाण्डेय) (पुलकित शुक्ला) अध्यक्ष/संयोजक प्रदेश महासचिव युवामोर्चा श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञानपक्ष भारतीय ब्राहमण महासभा आदि उपस्थित रहे।

## "6 वास्तविक और सिद्ध हैक्स" एक अत्यधिक प्रभावी "लीडर" बनने के लिए

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। क्या आपने कभी सोचा है कि आप एक सफल नेता कैसे बन सकते हैं? कई विशेषताएं हैं जो एक महान नेता बनाती हैं, दैनिक जीवन में कुछ कदमों का पालन करना आवश्यक है। मनीष नागर के अनुसार जो "डिजिटल मार्केटिंग रणनीतिकार" और "प्रैक्टिशनर लाइफ कोच" हैं। 1. कार्य सौंपें और प्राथमिकता दें। अपने सभी कार्यों को पूरा करने का सबसे अच्छा तरीका है कि यदि आप एक टीम के भीतर काम कर रहे हैं तो महत्व के आधार पर उन्हें प्राथमिकता दें और सौंपें। यह सुनिश्चित करने के लिए टीम के प्रत्येक सदस्य की ताकत की पहचान करें कि वे उन कार्यों पर काम करते हैं जिनका वे आनंद ले सकते हैं।2.लगातार संवाद करें। यदि आप एक सफल नेता बनना चाहते हैं तो "संचार" कौशल आवश्यक हैं। आप जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके बारे में आपके पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण होगा लेकिन आपकी टीम इस सामान्य लक्ष्य को साझा नहीं कर पाएगी यदि आप इसे प्रभावी ढंग से संप्रेषित नहीं करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपनी टीम के साथ बार–बार बात करते हैं और विभिन्न प्रकार के "संचार" मंचों का उपयोग करने पर विचार करते हैं, जैसे ऑनलाइन मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, ईमेल या आमने–सामने की बैठकें। 3. खुद पर भरोसा रखें। कई नेताओं को ऐसे क्षण मिलते हैं जहां उन्हें अपनी क्षमता पर संदेह होता है, इसके बावजूद अपने नेतृत्व कौशल में विश्वास बनाए रखना महत्वपूर्ण है। आपकी टीम के सदस्य आश्वासन और दिशा के लिए आपकी ओर देखेंगे। एक सफल नेता बनने के लिए, आपको उच्च दबाव की स्थितियों में शांत रहना सीखना होगा और अपने लक्ष्यों को नहीं खोना होगा। 4 खुद को प्रतिबद्ध करें। आपको सोचने के नए तरीकों के प्रति उसी स्तर की




प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करना चाहिए जिसकी आप अपने टीम के सदस्यों से अपेक्षा करते हैं। याद रखें, एक नेता जो अपनी टीम के सदस्यों के साथ सीखने की सुविधा प्रदान करता है, उस पर काम करने वाले की तुलना में बहुत अधिक प्रभावी होता है। 5. रचनात्मक रूप से सोचें। एक नेता के रूप में, आपको चुनौतियों या अपरिचित परिस्थितियों से संपर्क किया जा सकता है। अपने पिछले अनुभव को अपने निर्णय पर हावी न होने दें। बहुत से लोग इसे सुरक्षित खेलना पसंद करते हैं और अपने निर्धारित पाठ्यक्रम पर बने रहते हैं, लेकिन रचनात्मक सोच एक सफल नेता बनने की कुंजी है। 6. प्रेरित करने का लक्ष्य। एक सफल नेता बनने के लिए, आपको एक साझा दृष्टिकोण के माध्यम से व्यक्तियों के समूह को एकजुट करने की आवश्यकता होगी। उच्चतम स्तर पर काम करने पर ध्यान दें और अपनी टीम को यह दिखाने के लिए कि आप उनके लक्ष्यों में निवेशित हैं, जो हासिल करने योग्य है उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाएं। सभी उपलब्धियों का जश्न मनाएं और अपनी टीम के भीतर मनोबल ऊंचा रखें। यह आपके साथियों को सामूहिक मेहनत की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## 17 साल बाद गोविंदा ने दिया भाषण : बोले– दक्षिण से बॉलीवुड को मिल रहा भरपूर आशीर्वाद

मुंबई ब्यूरो : हिंदी सिनेमा के मशहूर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य का करियर बनाने में अपने जमाने के सुपरस्टार गोविंदा का बहुत बड़ा हाथ रहा है। गणेश के लिए गोविंदा आज भी 'भगवान' की तरह हैं। वह उन्हें पुकारते भी इसी नाम से हैं। बरसों तक हिंदी सिनेमा के लिए तमाम हिट गानों की कोरियोग्राफी करने वाले गणेश आचार्य अब प्रभुदेवा, रेमो और तमाम दूसरे कोरियोग्राफर्स की तरह हीरो बनने निकले हैं। उनकी पहली 'देहाती डिस्को' के ट्रेलर को प्रतिक्रिया भी ठीक ठाक मिल रही है। फिल्म का ये ट्रेलर गोविंदा ने रिलीज किया और इस मौके पर लंबा भाषण भी दिया। अपने शागिर्द गणेश आचार्य की बतौर हीरो बोहनी होने के मौके पर गोविंदा बोले, 'राजनीति से संन्यास लिए मुझे 17 साल हो गए हैं। आज पहली बार इतना लंबा चौड़ा भाषण दे रहा हूं। इस बीच बहुत सारे स्टार बने। अपनी माता निर्मला देवी की कृपा और पुण्य से जब मैं फिल्मों में आया तो सोचा भी नहीं था कि मैं स्टार बनूंगा। मेरी कल्पना थी और मैं स्टार बना। इस बीच बहुत सारे स्टार्स आए गए लेकिन मैं अपनी कल्पना और जिद से टिका रहा। मुझे दक्षिण भारतीय सिनेमा बहुत प्रिय है और आज दक्षिण से बॉलीवुड को आशीर्वाद भी भरपूर मिल रहा है। वहां के बहुत सारे सितारों का बॉलीवुड में डंका बज रहा है। मेरा भी आशीर्वाद है कि गणेश आचार्य दक्षिण के उन सितारों जैसे कामयाब हों। गोविंदा कहते हैं, 'जिसका दिल और कल्पना अच्छी होगी वह हीरो बन ही जाएगा। गणेश आचार्य दिल के बहुत अच्छे हैं। उनकी कल्पना थी एक्टर बनने की तो आज बन गए। दक्षिण के बाकी स्टार्स की तरह वह भी स्टार बनें ये मेरा



आशीर्वाद है। जब अच्छा समय आता है तो वास्तु दोष, शब्द दोष, क्रिया दोष कुछ नहीं रह जाता है। गणेश आचार्य का भी दिन आ गया है। मैं कामना करता हूं कि सब दोषों से दूर करके भगवान भोलेनाथ उन्हें अभिनय के क्षेत्र में भी कामयाब बनाएं।'गणेश आचार्य का जन्म तमिलनाडु में हुआ। वह भी फिल्मों में एक्टर ही बनने आए थे। बॉलीवुड में शुरुआत उन्होंने जूनियर आर्टिस्ट के रूप में की। फिर डांसर बने और उसके बाद डांस मास्टर। उन्होंने तमाम फिल्मों में कोरियोग्राफी की है और इनमें भी सबसे ज्यादा फिल्मे गोविंदा के साथ है। गणेश बताते हैं, 'जब मैं डांस करते था तो बहन कहती थी, तुम्हारी स्टाइल गोविंदा से मिलती है उनसे मिलो। बहन के सुझाव पर मैं गोविंदा से मिला और मेरे इस धरती के 'भगवान' ने मेरी किस्मत बदल दी।'अपने 'भगवान' को अपने बीच पाकर गणेश आचार्य भी आह्लादित दिखे। वह बोले, 'गोविंदा का डांस में अपना स्टाइल है, जिसकी नकल करके बहुत लोग आगे बड़े है। गोविंदा कहते हैं जो भी डांस करता है मैं उनके दिल में बसता। हूं। यहां आए सभी डांसर्स और हिंदुस्तान के कोने कोने में जितने भी डांसर हैं, उन सबसे यही कहूंगा जब भी मौका मिले तो बोलो नही कर के दिखा दो।'

## कोविड–19 महामारी के दौरान जनपद में काफी संख्या में हुई जनहानि : मुख्य विकास अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराया है कि कोविड–19 महामारी के दौरान जनपद में काफी संख्या में जनहानि हुई है, जिसके कारण देश के भविष्य नौनिहाल बच्चों के सामने भी जीवन का संकट एवं शैक्षिक कार्य निर्वाध रखने का संकट उत्पन्न हुआ है। देखा जा रहा है कि ऐसे बच्चे जो अनाथ हो चुके हैं यानि अपने माता–पिता दोनो को खो चुके हैं या अधिक संख्या में ऐसे बच्चे हैं जिन्होने अपने एकल अभिभावक माता या पिता में से कोई एक को खो दिया है। ऐसे बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण उनके शैक्षणिक कार्य निर्बाध रखने में समस्या आ रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड–19 से प्रभावित बच्चों को जिनके माता पिता की मृत्यु कोविड के कारण हुई है उनको उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया है, किन्तु जनपद में बहुत सारे बच्चे ऐसे हैं, जिनके अभिभावक/माता/पिता की मृत्यु कोविड से नहीं हुआ है, ऐसे बच्चों को उ0प्र0मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत आच्छादित करना है, जिसके लिये आय सीमा 300000 रू0 से कम हो एवं परिवार के अधिकतम दो बच्चों को इसका लाभ दिया जाना है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि देखरेख संरक्षण वाले बच्चों का चिन्हांकन निरन्तर रूप से करते हुये प्रत्येक बच्चे का विवरण बाल स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाये, जिस हेतु ग्राम/ब्लाक बाल संरक्षण समिति को जिम्मेदारी दी गयी है। अतएव ब्लाक बाल संरक्षण समितियों की ब्लाक सिरकोनी में 03 मई 2022, धर्मापुर 05 मई, सिकरारा 06 मई, करंजाकला 09 मई, बक्शा 10 मई, रामपुर 11 मई, रामनगर 12 मई, बरसठी 13 मई, मड़ियाहूँ 17 मई, खुटहन 18 मई, सुइथाकला 19 मई, सोंधी 20 मई, बदलापुर 23 मई, महराजगंज 24 मई, मछलीशहर 25 मई, सुजानगंज 26 मई, मुंगराबादशाहपुर 27 मई, मुफ्तीगंज 30 मई, डोभी 31 मई 2022 एवं जलालपुर 01 जून 2022 तथा केराकत 02 जून 2022 को बैठक हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। ब्लाक बाल संरक्षण समिति एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति की संरचना जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित की गयी है, मा0 ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक कराया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्य के रूप में ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी को भी ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक में प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाये। ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षण समिति में सहायक विकास अधिकारी (स0क0) के साथ ही खण्ड विकास अधिकारी के तरफ से एक स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि को भी बुलाया जाये। बाल संरक्षण अधिकारी जनपद से चन्दन राय मो0नं0–8115066215 द्वारा प्रत्येक बैठक में प्रतिभाग किया जायेगा एवं बच्चों हेतु संचालित योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जायेगा, साथ ही बैठक में उपस्थित लोगों के योजनाओं के प्रति शंकाओं को भी दूर किया जायेगा, जिससे ग्राम स्तर पर कार्य करने वाले कार्मिक योजनाओं के स्पष्टता के साथ अपने ग्राम में जायेगें और ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक करते हुये देखरेख एवं संरक्षण वाले समस्त बच्चों का चिन्हांकन करते हुये 30 जून 2022 तक बच्चों की सूची एवं आच्छादित योजनाओं के आवेदन पत्र प्रेषित करेगें, साथ ही यह प्रमाण पत्र भी देगें कि उनके ग्राम पंचायत में देख–रेख एवं संरक्षण वाला बच्चा जिसे विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाना है, अवशेष नहीं है। ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक जिला प्रोबेशन कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा। यदि निर्धारित तिथि पर बैठक किन्ही कारणों से सम्भव नहीं है तो अगले तिथि हेतु खण्ड विकास अधिकारी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुये पत्र स्वयं जारी करेगें, साथ ही खण्ड विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठकें हो जायें एवं उसमें बच्चों का चिन्हांकन करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रकरण मा0 सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन लम्बित है, जिसमें अनुपालन आख्या बाल स्वराज पोर्टल के माध्यम से की जानी है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया जाता है कि ब्लाकध्ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक कराते हुये देखरेख व संरक्षण वाले बच्चों का चिन्हांकन व उन्हे योजनाओं से आच्छादन की कार्यवाही निर्धारित समय के अनुसार पूर्ण करते हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूचित किया जाये।

## हीट वेव से मृत्यु भी हो सकती है –मुख्य चिकित्साधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत अवगत कराया है कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्न तथ्यों पर ध्यान देना चाहिए :– क्या करें :– प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्में, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़ें से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं। ओ0आर0एस0,घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें। जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें। अपने घरों को ठण्डा रखें, पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करें। तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें, पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें, कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें, कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें, श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करनेध्कराने का प्रयास करें, घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढायें, गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। क्या न करें :– बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ी गाडियों में न छोंड़े, दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़ें न पहनें, जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें, अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठण्डा करने के लिये दरवाजे तथा खिड़कियॉ खोल दें, शराब, चाय, काफी, कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक आदि के उपयोग करने से बचें, क्योंकि यह शरीर में निर्जलीकरण करता हैं।

## "राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी" एवं "राजकीय बाल गृह (बालिका) निधरिया, बलिया" का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा निर्गत एक्शन प्लान वर्ष 2022–23 के अनुपालन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के संरक्षण में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत द्वारा 30 अप्रैल 2022 को "राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी" एवं "राजकीय बाल गृह (बालिका) निधरिया, बलिया" का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन वीडियों कालिंग के माध्यम से किया गया। सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, विधिक सेवा गतिविधियों व संवासिनियों को उनके मौलिक व विधिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। नालसा की योजना के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कमजोर व असहाय वर्ग के लोगों एवं महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करायी जाती है, किसी प्रकार की विधिक सहायता होने पर सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है। सचिव द्वारा कोविड–19 प्रोटोकाल का अनुपालन, साफ–सफाई, चिकित्सा एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी सहायक अधीक्षिका कंचन वर्मा तथा राजकीय बाल गृह (बालिका) निधरिया, बलिया की नर्स/प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती केसरी देवी एवं सहकर्मी उपस्थित रहे। सचिव द्वारा संवासिनियों से वार्तालाप किया गया तथा उनकी समस्याएं पूँछी गयी।

## प्रमुख अनिता शुक्ला की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी ब्लाक सभागार में शुक्रवार को प्रमुख अनीता शुक्ल की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में पंद्रहवीं वित्त में शेष धनराशि 2 करोड़ 7 लाख 87 हजार 4 सौ 84 रुपया व चौदहवाँ वित्त से 91 लाख 85 हजार 3 सौ 75 रुपए से क्षेत्र पंचायत से कराए जाने वाले कार्यो को लेकर सभी सदस्यों से प्रस्ताव मांगा गया।बैठक में खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा पिछली कार्यवाही को पढ़कर सभी सदस्यों को सुनाया गया। कुछ सदस्यों ने गर्मी में पेयजल का मुद्दा उठाया जिस पर खण्ड विकास अधिकारी ने खराब हैंडपंपों की मरम्मत के लिए ग्राम पंचायत को निर्देश दिया। ब्लाक प्रमुख में ने कहा कि अभी चुनाव आचार संहिता के कारण विकास कार्य रूका था अब निरन्तर विकास कार्य किया जाएगा।किसी भी सदस्य को कोई जरूरत हो तो वह बता सकता है। बैठक में प्रमुख पति सुरेन्द्र शुक्ला, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह पटेल, चंदा सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ल, चन्द्रशेखर सिंह, दीपक सिंह ,अरुण सिंह,संदीप सिंह, राजित राम शुक्ल, नितेश पाठक, थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम, सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान पुत्र सुधांशु विश्वकर्मा मौजूद रहे।बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी ने किया।

## पार्टी को नई ऊंचाई प्रदान करते है प्रशिक्षित कार्यकर्ता : भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगठन के मानक पर खरा उतरने के लिए भाजपाइयों का प्रशिक्षण शिविर नगर के एक मैरिज हॉल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी की प्रदेश मंत्री श्रीमती मीना चौबे ने कहा की भाजपा अब कार्यकर्ताओं को पार्टी के मानक पर खरा उतरने एवं संगठन को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक जिले में प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है। भाजपा पहली ऐसी पार्टी है जो अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरे देश में प्रशिक्षण दे रही है। इस अवसर पर उन्होंने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी बनने तक के इतिहास और विकास पर विस्तृत चर्चा की। कहा कि प्रशिक्षण से भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता न सिर्फ संयमित आचरण और व्यवहार करेंगे बल्कि पार्टी की नीतियों रीतियों को विधिवत समझ कर पार्टी के उत्थान के लिए आगे कार्य कर सकेंगे। संयमित कार्यकर्ता अपने आचरण और व्यवहार से पार्टी का भला करने की जगह नुकसान ज्यादा करता है।सपा के बारे में उदाहरण देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बारे में सर्वविदित है कि उनका आचरण और व्यवहार सत्ता आने पर असंयमित हो जाता है और जिसका परिणाम हल्ला बोल के रूप में सामने आता है।लेकिन भाजपा अपने त्याग तपस्या और बलिदान के बल पर आज सत्ता के शीर्ष तक पहुंची हैं। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता भी सर्वाधिक अनुशासित संयमित और प्रशिक्षित बने इसके लिए पार्टी इस तरह के प्रशिक्षण शिविर को आयोजित कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामविलास पाल ने तथा संचालन जिला महामंत्री डॉ अजय सिंह ने किया।कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ,मनोज दुबे, मेही लाल गौतम,भैया राम पटेल, महेंद्र प्रजापति अंकित मिश्रा ,जयेश सिंह इंदुबाला सिंह, अनुराग सिन्हा, शैलेश गिरी, शिव शंकर सेठ, शिवम पाल, मनोज सिंह ,मनोज जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीसी ने ईंट भट्ठा पर मौजूद श्रमिकों के दर्जनों बच्चों का लिया दाखिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड के आधा दर्जन गावों में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर डीसी सामुदायिक सहभागिता आशीष श्रीवास्तव ने आधा दर्जन गावों में भ्रमण कर विद्यालयों में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। नामांकन सुदृढ़ करने के लिए बक्शा न्याय पंचायत के कौली, भिवरहा, गोपालापुर, बबुरा व मलिकानपुर की अनुसूचित बस्ती, पाल बस्ती, पासी बस्ती, यादव बस्ती, ब्राह्मण व क्षत्रिय बस्ती में भ्रमण कर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। डीसी सामुदायिक आशीष ने कौली व बबुरा ईंट उद्योग पर भठ्ठा मालिक अरविंद सिंह को बुलाकर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ईट भट्ठे पर मौजूद श्रमिकों के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि की बिन्दुआर जानकारी दी।श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार सरकार ने विद्यालयों के अलावा ब्लॉक व जिले को लक्ष्य आवंटित किया गया है। विद्यालय के सभी अध्यापकों की बस्ती–बस्ती ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान कौली के प्रधानाआध्यापक



व प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह, एआरपी लालसाहब यादव, चतुर्भुज यादव, परवीन सिह, अवनीश श्रीवास्तव, अध्यापिका जूनियर हाई स्कूल बक्सा मधुलिका अस्थाना, वीरेंद्र यादव, वीरसेन यादव, चंद्रभूषण यादव, सीमा यादव, कृष्ण कुमार यादव, प्रतिभा यादव।

## नामांकन महा अभियान को लेकर केराकत सेनापुर गांव के ईट भट्टा पर नामांकन करने पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत तहसील अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दाउदपुर सेनापुर पर नामांकन महा अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल व खंड शिक्षा अधिकारी केराकत मुकेश कुमार के नेतृत्व में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व ए आर पी विद्यालय के नजदीक ईट भट्टों पर जाकर कुल 22 बच्चों का नामांकन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ईट भट्ठा पर कार्य कर रहे मजदूर अभिभावकों से अपील किया कि ये बच्चे भारत के भविष्य हैं। इन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजें और भारत निर्माण में सहायता करें।इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ यूटा केराकत के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह , ए आर पी शांत सिंह , मिथिलेश सिंह सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

### बक्शा के सवंसा व भिवरहा गाँव में नामांकन करने पहुँचे डी. सी. आशीष श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बक्सा जौनपुर में प्रातः आठ बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात डी0सी0 बालिका शिक्षा श्री आशीष श्रीवास्तव सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों स्कूल चलो अभियान को गति देने हेतु पहुँचे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बक्सा जौनपुर की प्रधानाध्यापिका डॉ मधुलिका अस्थाना तथा उपस्थित शिक्षकों को लेकर बक्शा विकास खण्ड में स्थित गाँव क्रमश भिवरहा व सवंसा में घर – घर जाकर बच्चों का नामांकन किया तथा अभिभाबकों से चर्चा कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय के




शिक्षक बीरसेन यादव, वीरेंद्र यादव अनुदेशक अवनीश कुमार श्रीवास्तव श्रीमती गीता पाल श्रीमती नीतू यादव ए आर पी चतुर्भुज यादव नोडल लाल साहब यादव साथ चल रहे थे। अंत में प्रधानाध्यापिका डा0 मधुलिका अस्थाना ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों की गहन तलाशी ली गयी, तलाशी में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नही मिली। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा पाकशाला में जाकर खाने की गुणवत्ता की जांच भी की गयी। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा बंदियों से वार्ता कर जेल के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र दुबे, जेलर कुलदीप सिंह, जेल अधीक्षक ए.स.के पांडेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किराना की दुकानो पर बिक रहे है मिलावटी सामान : प्रशासन मौन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड के क्षेत्र में किराना के दुकानो पर मिलावटी सामान धड़ल्ले से बिक रहा है शासन प्रसाशन चुप्पी साधे हुए है मिली जानकारी के अनुसार किराना के दुकानो पर सभी सामान डुबलीकेट बिक रहे है ग्राहको को इसकी जानकारी न होने के कारण औना पौना दाम देकर ले जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार तेल,पामोलीन तेल,अरहर के दाल,मटर के दाल, जीरा ,मरीच आदि ऐसे खाने के अनेको सामान है जो नम्बर दो का है ग्राहको से नम्बर एक का पैसा लिया जा रहा है शासन प्रसाशन इससे अनभिग्य हो गये है जिससे डुबलीकेट सामान खाने से अनेको प्रकार की बीमारी पांव पसार सकती है खाद्य विभाग के अधिकारी सुनील द्विवेदी से फोन पर बात करने पर उन्होने बताया कि कोई डुबलीकेसी नहीं होती है कटेगरी के दायरे मे तीन कटगरी होती है जो एक दम निम्न होता वह खाने के योग्य नहीं होता है और जो बाकी सामान है कुछ मिलावटी होता है जिसको लोग खा सकते है उन्होने यह भी बताए कि अरहर की दाल में अकरहिया मटर के दाल मिलाते थे लेकिन सूचना मिलने पर अभियान चलाया गया वह खत्म हो गया है जब किसी सामान की कीमत ज्यादा होता है तभी मिलावट होता है जब से सरकार इस चीज को संज्ञान में लिया है तब से मिलावट खोरी बंद हो गयी है।

# इफ्तार पार्टी में मुल्क की सलामती के लिए मांगी गयी दुआ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अपराध निरोधक कमेटी के जौनपुर उपसचिव एजाज अहमद के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें गंगा जमुना तहजीब देखने को मिली उक्त इफ्तार पार्टी आपसी भाईचारा की एक मिशाल कायम करता है उपसचिव ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब ही हमारे क्षेत्र की पहचान है और इसको कायम करने के लिए हम सदैव कटिबद्ध है उक्त अवसर पर उपस्थित अपराध निरोधक कमेटी जलालपुर के उपाध्यक्ष रतन लाल मौर्या ने कहा कि वास्तव में हमारे उपसचिव सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलते हैं जो इनकी सादगी और अपनेपन को दर्शाती हैं अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने कहा कि उपसचिव की हर पहल समाज के उत्थान के लिए होती है इफ्तार के बाद सभी लोगो ने मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी उक्त अवसर पर हाफिज मेराज , राजेश सिंह, हरीश सरोज , लियाकत अली , मीरु अहमद , डॉ बालकृष्ण आनंद, इनाम , दिलशाद, हाफिज आजाद, फैज, मुंगना देवी , जाफरून , अनीता मौर्या, शिल्पा देवी, मो आरिफ , विनोद पटेल आदि मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स के प्रबंधक के खिलाफ एंटी भू माफिया का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के भलुआही गांव में स्थित सेंट जेवियर्स सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक थामस जोसेफ पर पुलिस ने एंटी भूमाफिया के तहत केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है! केस एसडीएम लालबहादुर के निर्देशन पर क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश यादव ने दर्ज करायी है! आरोप है कि प्रबन्धक जोसेफ ने आराजी नम्बर 838 मिल जुमला रकवा 38 डिसमिल जो नवीन पर्ती की भूमि है पर अवैध अतिक्रमण कर बिल्डिंग खड़ी कर लिया है! बिल्डिंग खड़ी करने के दौरान चकबंदी लेखपाल सहित प्रशासन ने उस भूमि पर निर्माण न करने की हिदायत भी प्रबन्धक जोसेफ को दिया था! किन्तु उन्होंने करोड़ों रुपये की बेशकीमती नवीन परती की जमीन पर अपनी हेकड़ी से निर्माण कर लिया! सरकारी जमीन पर निर्माण करने के दौरान क्षेत्रीय समाज सेवियों, विहिप, बजरंगदल तक के कार्यकर्ताओं ने दो वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रशासन से निर्माण कार्य रोकवाने के लिए तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन तक किया था किन्तु निर्माण कार्य तो प्रशासन ने नहीं रोका बल्कि प्रदर्शन कारियों पर उल्टा अवैध निर्माण करने वाले प्रबन्धक जोसेफ ने केस दर्ज कराई है।

## केशवपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बंद फाटक के नीचे से घुसा बाइक सवार फंसा : आ गई ट्रेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर–आजमगढ़ हाईवे पर केशवपुर रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर बंद फाटक के नीचे से बाइक सवार बाइक को आड़ा तिरछा करके निकालते रहते हैं , जिसकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शुक्रवार को दोपहर लगभग 11:30 बजे भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब एक बाइक सवार बंद फाटक के नीचे से बाइक को घुसा कर दूसरी तरफ निकलने के लिए प्रयासरत था, जैसे ही उसने फाटक पार किया तभी अचानक ट्रेन आ गई। यह तो गनीमत रही समय रहते बाइक सवार ने अपनी बाइक पीछे कर ली और कोई हादसा नहीं हुआ। उक्त रेलवे क्रासिंग पर फाटक के नीचे पर्याप्त जगह होने की वजह से अक्सर बाइक सवार फाटक बंद होने के बाद फाटक के नीचे से अपनी बाइक को निकालते रहते हैं। जिसके वजह से कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। हैरत की बात यह है कि रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस भी अक्सर इन चीजों को देख कर अनदेखा करती रहती है।वही दूसरी ओर समय से कफी पहले फाटक बन्द करने और काफी देर बाद खोलने से आम यात्री परेशान होता है।

### सीडीओ ने ग्राम प्रधान व सचिवों के साथ की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सीडीओ अनुपम शुक्ला ने शुक्रवार को सचिव, लेखपाल और ग्राम प्रधानों के साथ सोंधी ब्लाक कार्यालय के सभागार में बैठक की। जिसमें अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया गया। कहा कि आगामी 15 अगस्त तक कम से कम 20 प्रतिशत अमृत सरोवर का काम पूर्ण कराकर जन प्रतिनिधियों से ध्वजारोहण कराया जाए। सीडीओ ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मांग के अनुरूप अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य देकर 100 दिवसों का रोजगार मुहैया कराया जाए। उन्होंने सभी गांवों में खेल का मैदान निर्माण कराने पर बल दिया। सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों से मई माह में अधूरे पीएम और सीएम आवास के साथ शौचालय को पूर्ण कराने को कहा गया। वर्तमान सत्र में पौधरोपण से पहले मिट्टी का कार्य पूरा कराने और बरसात में सहजन के पौधे लगाने के लिए कहा गया। बैठक में एसडीएम नितीश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी नंदलाल कुमार, एडीओ पंचायत लक्ष्मीचंद, सचिव संतोष यादव, उमेश यादव, अजय, प्रधान भीमचंद राजभर, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# थाना कोतवाली पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व मे दिनांक 29.04.2022 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर वारण्टी सरवर पुत्र मुन्नु नि0 भंडारी थाना कोतवाली जौनपुर को अपर सिविल जज (जू0 डि0) न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर महोदय द्वारा जारी प्रासेस मु0 नं0 16903 / 19 धारा 323 / 452 / 504 / 506 भादवि जमील बनाम सरवर अली मे वारण्टी सरवर पुत्र मुन्नू नि0 भंडारी थाना कोतवाली जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0 न्या0 भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त–1– सरवर पुत्र मुन्नु नि0 भंडारी थाना कोतवाली जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1–उ0 नि0 विक्रम लक्ष्मण सिंह चौकी प्रभारी भण्डारी थाना कोतवाली जौनपुर 2– का0 सतीश कुमार थाना कोतवाली जौनपुर 3– का0 चन्द्रभान कन्नौजिया थाना कोतवाली जौनपुर।

# थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह मय उ0नि0 विनोद कुमार अंचल चौकी प्रभारी सीतमसराय द्वारा आज दिनांक 29.04.2022 को समय 07.30 बजे सुबह 01 वांछित अभियुक्त महेश पटेल पुत्र विजयबहादुर पटेल निवासी ग्राम करमाजीतपुर थाना कन्हई जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 21 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 27 / 22 धारा 363 / 366 / 376 भादवि 5 / 6 पाक्सो एक्ट व 3(2)अ sc/st Act थाना नेवढ़िया जौनपुर को जलालपुर मडियाहूँ मार्ग पर सीतमसराय नहर पुलिया से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. महेश पटेल पुत्र विजयबहादुर पटेल निवासी ग्राम करमाजीतपुर थाना कन्हई जनपद प्रतापगढ। सम्बन्धित / पंजीकृत मु0अ0सं0– 1.




मु0अ0सं0 27 / 22 धारा 363 / 366 / 376 भादवि 5 / 6 पाक्सो एक्ट व 3(2)अ`बध्ेज ।बज थाना नेवढ़िया जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम 1. थानाध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह 2.उ0नि0 श्री विनोद कुमार अंचल चौकी प्रभारी सीतमसराय 3.का0 आशीष शुक्ला थाना नेवढ़िया जौनपुर।

## थाना खेतासराय स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 05 शातिर अन्तर्जनपदीय गोवंश पशु तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व श्री अंकित कुमार, क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय पुलिस , स्वाट टीम जौनपुर व सर्विलांस जौनपुर की संयुक्त टीम के द्वारा आज दिनांक 30.04.2022 को मुखबिर खास की सूचना पर दबिश देकर मानीकला हाल्ट के पास से पाँच शातिर अन्तर्जनपदीय गोवंशीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया है कि हमारे साथ आसिफ कुरैशी पुत्र मुस्लिम कुरैशी निवासी सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, आसिफ पुत्र अज्ञात निवासी हसनडीहा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ व सलमान कुरैशी पुत्र मेराज कुरैशी निवासी माहुल खास थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ भी थे जो भाग गये है। पूछताछ के दौरान मुल्जिमान सोनू उर्फ तबरेज आलम व मोनू उर्फ अबुसाद ने बताया कि हम लोग दो साल पहले सऊदी से आये है, काम की तलाश में स्थानीय पशु तस्कर व अवैध गोवंश कटाने वालों से मुलाकात हुई। सलाम व गुड्डू लंगड़ा इस कारोबार में काफी पुराने कारोबारी है तथा इस कारोबार में संलिप्त लोगो का गैंग यही दोनो चलाते है, इन लोगो ने हमारी मुलाकात आसिफ निवासी हसनडीहा से करायी। फिर आसिफ के द्वारा पशु तस्करी में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले रत्नेश उपाध्याय पुत्र विमल उपाध्याय निवासी देवराजपुर थाना करौदींकला जनपद सुल्तानपुर व शाहिद पुत्र फिरोज निवासी गोड़हरा थाना बरदह जनपद आजमगढ़ से हुई। जो इसी धन्धे में लगा रहता है। हम लोग उपरोक्त सभी पशु तस्करों से गोवंश खरीदकर रत्नेश , शाहिद , आसिफ सबरहद व आसिफ हसनडीहा एवं खुर्शीद के माध्यम से गोवंश सिवान बिहार भेजने लगे। हमारी गोवंश लदी गाड़ियां जनपद आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर, देवरिया के रास्ते सीधे मेहरौना बार्डर से जनपद सिवान बिहार में प्रवेश करती है। जहाँ बार्डर पास कराने में शत्रुघ्न यादव उर्फ डब्लू यादव व अमन सिंह निवासी मेहरौना (जो अपने को पत्रकार बताता है) के द्वारा कराया जाता है। विस्तृत पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त गोवंश पशु मेला मालिक मुखिया के जरिये पश्चिम बंगाल सप्लाई होता है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण रत्नेश उपाध्याय व शाहिद का गोवंश तस्करी का आपराधिक इतिहास है। शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में गोवंश




पशु तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा । अभि0गणों को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर ले आकर मु0अ0सं0 66 / 2022 धारा 3ध्5 ।ध्8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 420ध् 467 / 468 / 471 / 120ठ भा0द0वि0 पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1.सोनू उर्फ तबरेज आलम पुत्र मोहम्मद फारुख निवासी पारा कमाल थाना खेतासराय जौनपुर 2.मोनू उर्फ अबू साद कुरैशी पुत्र मोहम्मद हनीफ कुरेशी निवासी अशरफपुर उसराहटा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3.रत्नेश उपाध्याय पुत्र विमल कुमार उपाध्याय निवासी देवराजपुर थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर 4.शाहिद पुत्र फिरोज निवासी गोडहरा थाना बरदह जनपद आजमगढ़ द्वारा जनपद जौनपुर, 5.डब्लू उर्फ शत्रुघन यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी पूरा पतोही मगही थाना भीमपुरा जनपद बलिया वांछित अभियुक्तगण का नाम व पता– 1.सलाम उर्फ बिल्लर पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.अलीम पुत्र सलाम उर्फ बिल्लर निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर3.हलीम पुत्र सलाम उर्फ बिल्लर निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर4.कलीम पुत्र सलाम उर्फ बिल्लर निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 5.सलमान कुरैशी मेराज कुरेशी निवासी माहुल खास थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़, 6.आसिफ कुरैशी पुत्र मुस्लिम कुरेशी निवासी सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर,7.आसिफ निवासी हंसनाडीह थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़,8.गुड्डु लंगडा पुत्र वहाव निवासी ग्राम अरन्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर9.भक्कु पुत्र जुमराती निवासी ग्राम लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर10.सगीर पुत्र फिरोज निवासी ग्राम लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर11. सैयदमाज अर्फी उर्फ नेता पुत्र अज्ञात निवासी सिवान बिहार 12.पापा अरन्द पुत्र सोहैल निवासी अरन्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 13.साकिब पुत्र मिस्टर निवासी अरन्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 14.खुर्शीद पुत्र अज्ञात निवासी रामपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर 15.अमन सिंह पुत्र अज्ञात निवासी मेहरौना थाना लार रोड जनपद देवरिया आपराधिक इतिहास– रत्नेश उपाध्याय पुत्र विमल कुमार उपाध्याय निवासी देवराजपुर थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर। 1.मु0अ0सं0 126 / 016 धारा 2 / 3 उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना करौदीकला जनपद सुल्तानपुर। 2.मु0अ0सं0 66 / 2022 धारा 3ध्5 ।ध्8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 420 / 467 / 468 / 471 / 120ठ भा0द0वि0 पंजीकृत थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। शाहिद पुत्र फिरोज निवासी गोडहरा थाना बरदह जनपद आजमगढ़ द्वारा जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 301 / 016 धारा 379 आईपीसी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 66 / 2022 धारा 3ध्5 ।ध्8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 420 / 467 / 468 / 471 / 120ठ भा0द0वि0 पंजीकृत थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण–1. 09 गोवंश ( 5 गाय , 03 बछड़े, 01 साड़ ) 2. दो पिकप महिन्द्रा व एक स्वीफ्ट डीजायर कार 3. मोबाइल व नगदी रूपये । गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. श्रीप्रकाश राय , थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जनपद जौनपुर मय टीम । 2.उ0नि0 आदेश त्यागी प्रभारी स्वाट मय टीम । 3. उ0नि0 रामजनम यादव प्रभारी सर्विलांस जौनपुर मय टीम । 4. उ0नि0 गोविन्द मिश्रा सर्विलांस सेल जौनपुर ।

# बीईओ ने बंद कराया अमान्य विद्यालय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिना मान्यता के शिक्षा की दुकान सजाए बैठे माफियाओं पर प्रशासन ने एक बार फिर से नकेल कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव एआरपी टीम के साथ अहिरौली गांव में चल रहे अमान्य स्कूल को बंद कराने पहुंचे तो विद्यालय संचालक स्कूल बंद कर बच्चो को भगाकर फरार हो गए। परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढाने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव व एआरपी शैलेष चतुर्वेदी परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों के साथ सुबह लगभग साढ़े सात बजे अहिरौली गांव में घर– घर जाकर अभिभावकों से अपने बच्चों का नाम परिषदीय स्कूलों में दाखिले हेतु प्रेरित कर रहे थे। साथ ही स्कूल जाने की उम्र वाले बच्चों का नामांकन भी कर रहे थे। उसी दौरान ग्रामीणों व शिक्षको द्वारा बताया कि उक्त गांव में पी.एन. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के नाम से एक अमान्य स्कूल नर्सरी से कक्षा आठ तक संचालित है। सूचना मिलते वे टीम के साथ उक्त स्कूल पर पहुंचने वाले ही थे कि स्कूल का संचालक बच्चो को घर भेजकर स्कूल बंद कर फरार हो गया। स्कूल पर लगाए गए पोस्टर पर लिखे नम्बर पर संचालक को फोन कर स्कूल न खुलने की हिदायत दी। कहा कि यदि स्कूल संचालन कि स्थिति में मिला तो हर दिन दस हजार रुपया जुर्माना के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुनः गांव में जाकर अभिभावकों से अपनें बच्चो का नामांकन परिषदीय स्कूलों में लिखवाने की बात कही। अभिभावकों ने भी कहा दो दिन के अंदर करा लेगें।

## प्रदेश में बिजली की मांग 23000 मेगावाट के सापेक्ष 19000 मेगावाट ही संभव सरकार के सारे दावे हो रहे फेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय तमाम दावों के बावजूद राज्य में बिजली का संकट बढ़ता ही जा रहा है।भीषण गर्मी में बिजली की बढ़ती मांग से आपूर्ति व्यवस्था पटरी होती जा रही है। खासतौर से ग्रामीणों को 18 घंटे के बजाय 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है रात भर बिजली की अंधाधुंध कटौती हो रही है बड़े शहरों में अघोषित कटौती का सिलसिला भी नहीं थम रहा है जबरदस्त बिजली कटौती से जन जनपद वासियों का हाल बेहाल है बिजली संकट से उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं दरअसल चढ़ते पारे ने राज्य में बिजली की मांग के पिछले 4 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है अप्रैल में ही बिजली की मांग लगभग 23000 मेगावाट तक पहुंच रही है लेकिन कोयले की कमी एवं अन्य तकनीकी कारणों के चलते बिजली की उपलब्धता लगभग 19000 मेगा वाट ही पूरे प्रदेश में है प्रदेश वासियों को स्कूल से बिजली देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतिरिक्त बिजली जुटाने के निर्देश तो दिए हैं लेकिन एनर्जी एक्सचेंज से भी अतिरिक्त बिजली नहीं मिल पा रही है ऐसे में 3 से 4000 मेगावाट बिजली की कमी के चलते सबसे ज्यादा कटौती राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ही की जा रही है शेड्यूल के मुताबिक गांव को 18 घंटे बिजली मिलनी चाहिए लेकिन बिजली का संकट होने के कारण उन्हें 9 से 10 घंटे बिजली भी नहीं मिल पा रही है जर्जर तार और ट्रांसफार्मर की ओवरलोडिंग के चलते कई जगह तो 24 घंटे में 5 घंटे बिजली मिलना मुश्किल है यहां तक तहसील मुख्यालयों की बात करें तो उन्हें 21 दशमलव 30 घंटे के बजाय 15 घंटे भी बिजली आपूर्ति करना संभव नहीं हो पा रहा है नगर पंचायत वालों कस्बे का भी हाल यही हाल है जिला मुख्यालय और महानगरों को कागज पर बिजली कटौती से मुक्त रखा गया लेकिन हकीकत में शहरवासियों को भी बिजली संकट और जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है पावर कारपोरेशन की कोशिश है कि औद्योगिक क्षेत्र की बिजली काटने कारण है कि उद्योगों से कारपोरेशन को नहीं ज्यादा विद्युत राजस्व मिलता है क्योंकि महंगी बिजली उद्योग की ही है ऊर्जा मंत्री का कहना है कि बिजली की उपलब्धता बढ़ाने की हर संभव प्रयास किया जा रहा है शुक्रवार को 781 मेगावाट बिजली की उपलब्धता बड़ी है 1 मई से लगभग 2000 मेगावाट बिजली मिलने की उम्मीद है ऊर्जा मंत्री ने बताया कि किसी तरह के फालतू को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए गए हैं पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं देवराज का कहना है कि पिछले 20 प्रतिशत ज्यादा बिजली दी जा रही है लेकिन मांग बढ़ने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुआ है अध्यक्ष का दावा है कि 1 मई से बिजली की आपूर्ति में सुधार हो जाएगा कोई वहीं कोयले की कमी से 30 करोड़ यूनिट का नुकसान कोयले की कमी से उत्तर प्रदेश में अप्रैल माह के दौरान ही लगभग 30 करोड़ यूनिट बिजली के उत्पादन का नुकसान हुआ पर्याप्त कोयला ना होने के कारण यह परियोजनाओं की कुछ नहीं थी या काम क्षमता पर ही उन्हें चलाया गया 1 अप्रैल से 28 अप्रैल के दौरान विद्युत उत्पादन निगम की परीक्षा परियोजना की से लगभग 16.9 करोड़ और ओबरा से 2.36 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन कोयले की कमी के चलते प्रभावित हुआ है कोयले की कमी के चलते बजाज समूह की ललितपुर तबीयत परियोजनाओं की 660 मेगावाट क्षमता की एक यूनिट से बिजली का उत्पादन ठप है इसी तरह 4545 मेगाबाइट की 8 यूनिटों को भी कोयला ना होने के कारण नहीं चलाया जा रहा है तकनीकी कारणों से दरयागंज की 660 मेगावाट की यूनिट भी बंद पड़ी है पिछले 24 घंटे के दौरान बिजली की मांग 46 दशमलव 70 करोड़ यूनिट रही लेकिन उपलब्धता 43. 4 करोड़ यूनिटी है कहीं कहीं 6 दिन तो कहीं 1 दिन का ही कोयला वैसे तो मानकों के अनुसार कोयले की खदानों के आसपास की तबीयत परियोजनाओं के लिए 17 दिन और अन्य परियोजनाओं के लिए 26 दिन का कोयला होना चाहिए लेकिन वर्तमान में आन पारा के पास 6 दिन का ही कोयला है प्रतिदिन 40000 टन कोयले की जरूरत है लेकिन 32 1000 तक ही पहुंच रहा है इसी तरह ओबरा 12500 के बजाय 7900 की आपूर्ति हो रही है हरदुआगंज 19038 के आसपास 4 दिन और परीक्षा के पास सिर्फ 1 दिन का कोयला मात्र है रहने का कारण परीक्षा की 15500 रन की जरूरत को देखते हुए कोयला दिया जा रहा है विभागीय अफसरों का कहना है कि कोयले की उपलब्धता बड़ी है इसलिए कोयले की कमी के चलते दोनों को शुरू करने और अभी उनको पूरी चलाया जा रहा है घटता गया उत्पादन ग्रहों में कोयला उत्तर प्रदेश राजपूत विद्युत उत्पादन निगम के पास पिछले 6 वर्ष 19 दिसंबर तक के सापेक्ष 1: कोयले का भंडार था जो 28 दिसंबर को रह गया इस वर्ष 31 जनवरी को भंडार और लगातार कोयला उपलब्ध होने की वजह से 28 फरवरी को कोयले का भंडार गौर करने की बात है कि 31 मार्च को रह गया इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर था 4 अप्रैल को राज्य में रह गया और 17 अप्रैल को तो 24: ही बचा।

## कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित बेल एवं आंवला की प्रजातियों को मिली संस्तुति

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में चल रही अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्रफल समन्वित अनुसंधान परियोजना के तीन दिवसीय 26 वीं कार्यशाला के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिकों के समूह में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई नरेंद्र बेल–8 एवं नरेंद्र बेल–11 प्रजातियों के गुण एवं विशेषता को देखते हुए आईसीएआर, नई दिल्ली के एक्रिप परियोजना द्वारा संस्तुति प्रदान कर दी गई, जो कि देश एवं पूर्वांचल के शुष्क क्षेत्रों के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। गत वर्ष भी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नरेंद्र आंवला– 25 एवं 26 तथा नरेंद्र बेल –10 की संसुति प्राप्त हुई थी। नई प्रजाति की संस्तुति पर विश्वविद्यालय में खुशी की लहर फैल गई । विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह, अधिष्ठाता डॉ ओ पी राव ने इन प्रजातियों को विकसित करने वाले वैज्ञानिक डॉ हेमंत कुमार सिंह, डॉ भानु प्रताप एवं नंदलाल शर्मा आदि को बधाई देते हुए कहा कि इन प्रजातियों से देश एवं पूर्वांचल के शुष्क प्रक्षेत्रों का विकास होगा।वही विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आज कार्यशाला के दूसरे दिन प्रातः देशभर से एकत्र फल वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्र पर चल रहे आंवला एवं बेल आदि के शोध क्षेत्र का भ्रमण किया एवं विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयासों को सराहा। आज आयोजित तकनीकी सत्र मे एरिड फलों के प्लांट जेनेटिक रिसोर्स सेंटर के वैज्ञानिकों ने अपने–अपने केंद्रों के शोध पत्र प्रस्तुत किए । परिचर्चा के चेयरमैन डॉ वी.सूपे, निदेशक, पुना, डॉ डी के समादिया के पैनल के समक्ष चर्चा की गई। शांय काल शुष्क क्षेत्रीय फलों के सुधार पर 18 केंद्रों के वैज्ञानिकों ने डॉ डी के द्विवेदी प्राध्यापक, पादप प्रजनन एवं डॉ ओ पी राव ,अधिष्ठाता उद्यान के पैनल के समक्ष चर्चा की।आज विशेष रूप से तकनिकी सत्र में वैज्ञानिकों ने प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेस, जल प्रबंधन एवं पोषक तत्व, शुष्क क्षेत्रों में फलों को विकसित, पादप प्रवर्धन, पौधरोपण,पौध घनत्व, प्रशिक्षण, प्लांट हार्वेस्टिंग तथा पेस्ट एण्ड प्लांट डिजीज मैनेजमेंट आदि पर विस्तृत चर्चा की।प्रातः काल भ्रमण के दौरान डॉ बी के पांडे, उप महानिदेशक उद्यान, डॉ वी के शर्मा, निदेशक परियोजना, डॉ ओ पी राव, डॉ संजय पाठक, डॉ एच के सिंह, डॉ भानु प्रताप, डॉ अंगद सिंह, नंदलाल शर्मा आदि अन्य वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

## बिजली कटौती से आम जनमानस में मची त्राहि–त्राहि : प्रशासन हुआ मौन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती से आम जनमानस अकुला उठा है। चारों तरफ त्राहि–त्राहि मची है इससे क्षेत्र में दुकानदारी पर संकट खड़ा हो गया है वही अस्पतालों में मरीज वा तीमारदार भी परेशान है। लगभग 6 माह तक अच्छे दिनों का एहसास कराने के बाद विद्युत कटौती उपभोक्ताओं को रुला रही है।सुबह लगभग 7:00 बजे विद्युत सप्लाई उपभोक्ताओं को एक से दो घंटे तक मिलती है और दोपहर होते होते विद्युत सप्लाई की कटौती शुरू हो जाती है। दोपहर 2:00 बजे आपूर्ति का समय है लेकिन इधर एक पखवारे से समय से बिजली नहीं मिल रही है कब मिलेगी कोई पता नहीं अगर मिलती है तो आंख मिचोली शुरू हो जाती है इससे क्षेत्र में विद्युत संकट खड़ा हो रहा है।वही दोपहर में बिजली कट जाने से लोग गर्मी से उबल जा रहे हैं करंट के अभाव में घरों में लगे कूलर पंखे सब बेकार साबित हो रहे हैं। गांव के लोग बाग की ओर जाकर पेड़ों के नीचे हवा ले रहे हैं वहां भी राहत उनको नहीं मिल रही है।इस समय हो रही ताबड़तोड़ विद्युत कटौती के चलते बच्चों की पढ़ाई वह घरेलू काम भी प्रभावित हो रहे हैं। विद्युत उपभोक्ता आदित्य प्रताप, राकेश कुमार, श्याम जी ,विनय कुमार, द्वारिका,, राघव राम का कहना है कि भीषण गर्मी में कटौती कहीं से यह उचित नहीं




है यह बिजली कटौती आवश्यक है तो ऐसे समय काटी जाए जबकि लोगों को बिजली की कम आवश्यकता रहती है।इस समय उमस भरी गर्मी लगातार बढ़ने के चलते रोड ऊपर लोगों का चलना भी कम हो गया है जो लोग रोड ऊपर चल भी रहे हैं वह गमछा जबरदस्त तरीके से सिर ढ़के हुए हैं। हो रही विद्युत कटौती के संबंध में जब अधिशासी अभियंता विद्युत मिल्कीपुर एके शुक्ला से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर नेटवर्क क्षेत्र के बाहर रहा ।लेकिन विद्युत विभाग का एक कर्मचारी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऊपर से ही विद्युत कटौती कराई जा रही है। कल भी 12 घंटे ही सप्लाई करने की अनुमति मिली हुई थी ऐसी दशा में उपभोक्ताओं को तो परेशान होना लाजिमी है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर की सफाई व्यवस्था से संबंधित जायजा लेने निकले महापौर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर की सफाई व्यवस्था से संबंधित जायजा लेने महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने नगर निगम अयोध्या के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ लक्ष्मण घाट वार्ड के समस्त मोहल्ले एवं गलियों में जनसमस्याओं को देखा।इस दौरान उन्होने उसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान काफी जगहों पर नालियों की साफ–सफाई की व्यवस्था उचित ना मिलने पर समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को उसकी जवाबदेही तय करने को कहा गया।जिन जगहों पर नालियां खुली अवस्था में मिली उन पर पटिया रखने और निरंतर बेहतर साफ सफाई करने के सख्त आदेश दिए।इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि खुली नालियों को ढक कर रखा जाए और उसकी साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।क्योंकि जिस तरह जल हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसी तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छ वातावरण भी अति महत्वपूर्ण है श्री उपाध्याय ने साथ चल रहे समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ना सिर्फ हमारा कर्तव्य है बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है कि।हम अपने आस–पड़ोस को स्वच्छ रखें व स्वच्छ रखने की हिदायत भी दें।श्री उपाध्याय ने कहा कि पावन नगरी अयोध्या को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हम यहां के सभी नागरिकों का सहयोग चाहते हैं क्योंकि यह धर्म नगरी है और आस्था की नगरी है यहां पर सैकड़ों की संख्या में पर्यटक भी आते हैं तो ऐसे में यदि हमारी धर्म नगरी स्वच्छ एवं सुंदर दिखेगी तो इसकी चर्चा विदेशों में भी होगी जो हमारे लिए काफी सौभाग्य की बात होगी इस अभियान में महापौर नगर निगम अयोध्या के साथ पार्षद आलोक मिश्रा, सच्चिदानंद सिंह अपर नगर आयुक्त एमएन झा अधिशासी अभियंता निर्माण आर के तिवारी सहायक अभियंता निर्माण डॉक्टर गोविंद राज सुंदरम निजी सचिव महापौर सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने अवैध काल सेंटर का किया पर्दाफाश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु डी०के० ठाकुर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सुश्री अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्य, लखनऊ, राघवेन्द्र मिश्र, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं पवन गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में थाना कृष्णानगर व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम के द्वारा कीर्तिनगर औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के पास से कुल 09 नफर अभियुक्तगण 1. देवेन्द्र सिंह पुत्र करन सिंह निवासी 802 पुलमिरिया गार्डन स्टेट सेक्टर ओनी फ्रोन्ट–3 थाना सूरज पुर जनपद गौतमबुद्ध नगर मूल पता–मुलमन थाना बरनावा जनपद मेरठ 2. मोहित कुमार पुत्र प्याम करन सिंह निवासी 1025 रानी कालोनी थाना आलूनगर जनपद फतेहपुर 3, रजनीश शुक्ला पुत्र राम लखन शुक्ला निवासी 303/डफोडिल हाइट फन्डेक्स इन्क्लेव साहवेरी थाना बिजनपद गौतमबुद्ध नगर मूल पता ग्राम दयाल पुर थाना रानी गंज जनपद प्रताप 4 राहित कुमार सिंह पुत्र रात्र कुमार सिंह निवासी 23 अपर ग्राउन्ड फ्लोर राजापुरी गली न0 36 थाना जिला उत्तमनगर दिल्ली मूल पता ग्राम चापाखण थाना खैरा जिला जमुई (बिहार) 5. गणेश पुत्र सपन ग्राम नाला गोला मालदा (बंगाल) हा0मु0 100 गली नं0 03 निठारी सेक्टर 03 थाना सेक्टर बीस जनपद गौतमबुद्धनगर 6. सुनील सैनी पुत्र कृश्ण दत्त सैनी निवासी मान) 41–4राम नगर निवर रेलवे स्टेशन माता मंदिर थाना रामनगर जिला करनाल (हरियाणा) 7. स्वदेश पाल सिंह पुत्र देशपाल सिंह निवासी 122 एलआईजी आवास विकास कालोनी थाना आनूनगर जनपद फतेहपुर 8. आनन्द कुमार मिश्रा पुत्र वेद प्रकाष मिश्रा निवसी फ्लैट नं0 245 अक्षर धाम अपार्टमेण्ट पाकेट–3 सेक्टर 19 द्वारिका थाना सेक्टर 20 जिला द्वारिका जनक पुरी नई दिल्ली मूल पता ग्राम जाजूपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ 9. सोभित कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राजेन्द्र पाण्डेय निवासी फ्लैट नं0 245 पाकेट 3 अक्षरधाम अपार्टमेण्ट सेक्टर 19 द्वारिका 110075 पाना सेक्टर 19 जिला द्वारिका साउथ वेस्ट जनकपुरी नई दिल्ली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 अदद चार पहिया वाहन व धोखाधड़ी के 26 लाख रुपये 97 अदद मोबाइल फोन, 08 कम्प्यूटर, 05 अदद लैपटाप, 03 अदद प्रिंटर चेकबुक, मोहर, आधारकार्ड, एटीएम कार्ड आदि बरामद कर आम जनता के व्यक्तियों से बीमा में लुभावने बोनस का लालच देकर बीमा कराने के नाम पर छलपूर्वक धोखाधड़ी से पैसे लेने वाले अवैध काल सेंटर का पर्दाफाश कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के फस्वरूप थाना कृष्णानगर लखनऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 172/2022 धारा 406,409, 420,506, 120बी भादवि का सफल अनावरण हुआ गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। संक्षिप्त विवरणः दिनांकः 15.04.2022 को वादिनी श्रीमती आशा मिश्रा पत्नी स्वर्गीय राकेश कुमार निवासिनी 551/686 आजाद नगर थाना कृष्णानगर लखनऊ के द्वारा बीमा में बोनस दिलाने व अन्य लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर व्हाट्सएप काल के माध्यम से बीमा अभिकर्ता द्वारा विश्वास का आपराधिक हनन करते हुए जालसाजी कर विभिन्न बीमा कंपनियों की पलिसी धोखे से कराकर कमीशन लेकर ठगी करने के संबंध में फर्जीवाड़ा कर वित्तीय अनियमितता के सम्बन्ध में सूचना दी गयी जिसके आधार पर थाना कृष्णानगर लखनऊ



पर मु0असं० 172/2022 धारा 406,409, 420, 506, 120बी मा०वि० बनाम नीलेश पाण्डेय आदि 03 नपर के पंजीकृत कराया गया। जिसके अनावरण के लिये टीम गठित करते हुए एसटीएफ लखनऊ की भी मदद ली जा रही थी इसी क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस सूचना तन्त्र इलेक्ट्रानिकसूचना तन्त्र की मदद से आम जनता के व्यक्तियों से बीमा में लुभावनें बोनस का लालच देकर बीमा कराने के नाम पर छल पूर्वक धोखाधड़ी से पैसे लेने वाले अवैध काल सेंटर का पर्दाफाश कर एडो–सिटी काल सेंटर के नाम से संचालित अवैध काल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए कुल 09 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मुकदमें से सम्बन्धित मशरुका की बरामदगी कर इस अभियोग का सफल अनावरण किया गया। इंस्पेक्टर आलोक राय के मुताबिक अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों के साथ राकेश तिवारी निवासी क्लियोकाउन्टी सेक्टर 121 नोएडा विमानवास्थ् 42ए तृतीय तल औद्योगिक क्षेत्र मोतीनगर दिल्ली व ताज मोहम्मद सेक्टर 16 प्रथम तल मोतीनगर दिल्ली भी काम करते हैं, हम लोगों का एक संगठित गिरोह है, हम लोग एडोसिटी काल सेन्टर के नाम से एक काल सेन्टर कीर्ती नगर फर्नीचर मार्केट औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली पश्चिम में चलाते हैं। हम लोग अपने काल सेन्टर में नियुक्त लड़कियों लड़कों के माध्यम से भारती एक्सा इन्स्योरेंस में बीमा कराने पर अतिरिक्त बोनस का लाभ देने का लालच देकर बीमा कराते हैं। हमलोग जिस व्यक्ति की बीमा पालिसी किन्ही कारणों से बन्द हो जाती है उनको बीमा पुनः चालू करने के एवज में अतिरिक्त बोनस देने का लालच दे कर बीमा कराते हैं। हम लोग अपने आपको जनता के व्यक्तियों को गवर्नमेन्ट बोर्ड इन्श्योरस काउन्सिल सेन्ट्रल गवर्नमेण्ट का आफिस है जहाँ से कैंसिलेशन डिपार्ट मेण्ट से बोल रहे है कभी आई आर डी ए आई अधिकारी कभी आरबीआई अधिकारी कभी भारतीय जीवन बीमा निगम अधिकारी कभी इन्श्योरेंस कम्पनियों के फण्ड एवं कैंसिलेशन डिपार्टमेण्ट से बात कर रहे है बताते है। हम लोग अपने मूल नाम को छिपाते हुए अपने छदम नाम नीलेश पाण्डेय, विजय भारद्वाज व बैंकेटेश्वर बनकर मो0 8660290483 8447172268, 9718145003, 7291065279 से काल करते है। इसी क्रम में हम लोगों द्वारा मोनं० 8527023150 से व्हाटसएप बनाकर जनता के व्यक्तियों से बीमा के सम्बन्ध में चौटिंग करते है। इसी के क्रम में हम लोगों द्वारा दिनांक 15.04.2022 को श्रीमती आशा मिश्रा पत्नी स्व0 राकेश कुमार को उनके मृत पति के बीमा बोनस में 1300490 का आईआरडीए की तरफ से बीमा क्लेम का लालच देकर लगभग 22 लाख रूपये का बीमा करा दिया था। इस बीमा के एवज में हम लोगों को 70 प्रतिषत तक का लाभ मिलता है इस लिए हम लोग एक साथ मिल का बीमा में बोनस का लाभ लेने के लिए जनता के व्यक्तियों को छल के माध्यम से धोखा घड़ी कर अपने लाभ के लिए ऐसा बीमा कराते हैं। हम लोगों द्वारा राम सुमिरन पुत्र स्थावर मो०० 9838001925 को भी इसी क्रम में 3585800 रू0 के बोनस का लालच देकर इनसे भी 381500 रु० का बीमा करा लिया इस प्रकार हम लोग अपने लाभ के लिए जनता के व्यक्तियों से बीमा करा कर अवैध आर्थिक धन अर्जित कर रहे है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार राय, अतिरिक्त निरीक्षक आलोक श्रीवास्तव, कांस्टेबल अजय कुमार, महिला कांस्टेबल रीतिमा अग्निहोत्री, उपनिरीक्षक पंकज सिह एसटीएफ, उपनिरीक्षक मनोज सिंह एसटीएफ, मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह एसटीएफ, मुख्य आरक्षी दीपेन्द्र सिंह एसटीएफ, मुख्य आरक्षी रण विजय सिंह एसटीएफ, मुख्य आरक्षी दीपक सिसौदिया एसटीएफ, कांस्टेबल उपेन्द्र प्रताप सिंह एसटीएफ, कांस्टेबल मिथलेश झा एसटीएफ, कमान्डों धीरेन्द्र चौबे एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ शामिल रहे।

## लगभग 30 घंटे बाद शारदा सहायक नहर मे मिली डूबी महिला का शव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लगभग 30 घंटे की गहन तालाशी के बाद गोताखोरो को मिली कामयाबी शारदा सहायक नहर मे डूबी करेरू निवासी मंजली का लगभग दस से बारह किमी की दूर नहर मे एसडीआरएफ टीम गोताखोरो को शव मिला।सूत्र के मुताबिक अभी भी कोटडीह सरैया छतई का पुरवा निवासी डूबे अधेड रामकुमार की तालाश जारी है।वहीं मालूम हो कि रौनाही थाना क्षेत्र करेरू शारदा सहायक नहर की पुलिया सेक्षवृहस्पति वार दोपहर की दोपहर मंजली को नहर मे छलांग लगाते देख बचाने के लिए 45 वर्षीय रामकुमार ने भी छलांग लगा दी थी। बचाव मे नाकामयाब अधेड भी मंजली के साथ डूब गया। क्षेत्राधिकारी सदर शैलेश प्रताप गौतम तथा एसडीएम सोहावल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व मे गोताखोर की टीम तालाश कर रही थी। आज शाम दस से बारह किमी की दूरी पर डूबी लडकी का शव तालाश करने मे टीम कामयाब हुई।

## अलविदा जुमा की नमाज शांति सौहार्द पूर्ण से सम्पन्न,डीएम व एसएसपी लेते रहे जायजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने रमजान माह के अंतिम शुक्रवार/जमात–उल–विदा के अवसर पर अयोध्या व फैजाबाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते दिखे।सूत्र के मुताबिक इन दोनों अधिकारियों ने कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल लाइन बस स्टैंड से रिकाबगंज, चौक, अमानीगंज, साहबगंज, बेनीगंज, टेढ़ी बाजार, दोराही कुँआ, कटरा चौकी से अशर्फी भवन मार्ग, हनुमानगढ़ी चौराहा, रीढ़ गंज, चौक, फतेहगंज, कसाब बाड़ा, मकबरा, मोदहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित पुलिस व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में रमजान के अंतिम शुक्रवार पर अलविदा की नवाज जनपद के विभिन्न मस्जिदों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुई।

## सिविल लाइन के एक होटल में डॉक्टरों ने किया संगोष्ठी का आयोजन

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)कोतवाली नगर क्षेत्र में सिविल लाइन के एक होटल में डॉक्टरों ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया।यह संगोष्ठी चंदन हॉस्पिटल व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजन हुआ।जिसमे कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ।इस प्रोग्राम में चेयरपर्सन के रूप में डॉ अनुपम मेहरोत्रा केजीएमयू, डॉ अलंकार गुप्ता आरएमएल इंस्टिट्यूट लखनऊ व डॉ जिगर के शाह भी मौजूद रहे।इस मौके पर हार्ट फेल्योर, एडवांस इन हीमिया रिपेयर व एन इनसाइट इनटू ए अडल्ट एंड पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी पर संगोष्ठी हुई।इस मौके पर चंदन हॉस्पिटल के डायरेक्टर मार्केटिंग सुबोध कौल व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अफरोज खान सचिव डॉ आशीष श्रीवास्तव ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ मधुकर, डॉ वीके गुप्ता,डॉ आरके बनौधा, डॉ मुकेश गौतम,डॉ एसएम द्विवेदी,डॉ विपिन वर्मा, डॉ वीरेंद्र वर्मा, डॉ ओमकार गंगवार,डॉ हरिओम श्रीवास्तव,डॉ अनिल कुमार व शहर के अन्य डॉक्टर भी मौजूद रहे।

## विधायक कें निरीक्षण में खुली गुणवत्ता की पोल : मिली खामियां

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता)सूत्र के मुताबिक अयोध्या विधानसभा में बनाई जा रही सड़कों के गुणवत्ताविहीन होने का मामला सामने आया है।यह बात क्षेत्रीय लोगों की शिकायतों पर संयुक्त रुप से इन शिकायतों की हकीकत परखने पहुंचे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की जांच के दौरान सामने आया।इस बीच लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्हें विधायक श्री गुप्ता की कड़ी फटकार का सामना करना पड़ा।विधायक श्री गुप्ता ने दो टूक शब्दों में मौजूद अधिकारियों को तत्काल कमियां दूर कर गुणवत्ता युक्त सड़कों का निर्माण करने अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या विधानसभा की विभिन्न ग्राम सभाओं में करीब आधा दर्जन से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।इसमें कुछ सड़कों का रिनीवल किया जा रहा है जबकि कुछ नई सड़के बनाई जा रही है।शुक्रवार को नगर विधायक श्री गुप्ता के संज्ञान में अयोध्या विधानसभा में बनाई जा रही सड़कें गुणवत्ता विहीन होने से जुड़ी शिकायतें आई।यह जानकारी मिलते ही नगर विधायक श्री गुप्ता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नव निर्मित सड़कों की गुणवत्ता का निरीक्षण करने पहुंच गए। वहां पहुंचने पर कुछ सड़कों के निरीक्षण के दौरान यह शिकायतें सही पाई गई।निरीक्षण में यह सामने आया कि रिनीवल सड़कों में मोटाई नहीं है तथा पैर से ही छूने पर गीतिया उखड़ने लगी है जबकि नवनिर्मित सड़कों में प्रयुक्त की गई घटिया ओवरसाइज है और कृष्ट नहीं है। क्षेत्रीय लोगों की शिकायतें सही पाई जाने पर नगर विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि कुछ ही घंटे पहले लोक निर्माण विभाग मंत्री द्वारा सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता न किए जाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है।ऐसे में इन शिकायतों की सत्यता किसी भ्रष्टाचार से कम नहीं है।शीघ्र ही इन कमियों को दूर करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार हो जाए अब से नवनिर्मित सड़कों की गुणवत्ता में कमियां पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।इस दौरान लोक निर्माण विभाग के ए.ई ए.पी सिंह,शशांक पांडेय,जे.ई.आलोक यादव,वेद प्रकाश वर्मा सहित क्षेत्रीय प्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।

## अवैध गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार करने का पुलिस ने किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रुदौली कोतवाली क्षेत्र मे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति के पास से एक किलो गाँजा बरामद किया है ।इस संबंध में रुदौली कोतवाल शशिकांत यादव ने बताया कि रुदौली नगर मे स्थिति बारह मासी पौशाला मे गुरुवार की रात चेकिंग के दौरान अख्तर पुत्र छेद्दन मोहल्ला शेखाना (नबाब बाजार )कोतवाली रुदौली को संदिग्ध अवस्था मे दिखने पर उसकी जामा तलासी ली गई । जामा तलासी मे उसके पास एक किलो चार सौ ग्राम अवैध गाँजा बरामद हुआ । गाँजा बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर कोतवाली रुदौली मे मुकदमा संख्या 158/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।